भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *337**

दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए

**पंजाब के लिए नई परियोजनाएं**

*337. **श्री चरनजीत सिंह चन्नी:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में पंजाब में, विशेषतः जालंधर में बुनियादी ढांचे, शहरी विकास और सामुदायिक सेवाओं को बढ़ाने के लिए कोई नई परियोजना अनुमोदित अथवा आरंभ की है; और

(ख) यदि हां, तो आवंटित बजट, परियोजना की समय-सीमा और स्थानीय आबादी को इसके संभावित लाभ सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) और (ख) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**पंजाब के लिए नई परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 18.12.2024 को श्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *337 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण:**

(क) केंद्र सरकार नियमित रूप से विभिन्न केंद्रीय क्षेत्रक योजनाओं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से विकासात्मक योजनाओं तथा कार्यक्रमों को मंजूरी देती है और शुरू करती है जो विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों का पूरक हैं। केन्द्र सरकार की ऐसी सभी विकासपरक योजनाओं का उपयोग राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा विशेष रूप से देश भर के अधिकांश अल्प विकसित जिलों और ब्लॉकों के तीव्र तथा प्रभावी परिवर्तन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए अवसंरचना, शहरी विकास और सामुदायिक सेवाओं तथा अन्य क्षेत्रों में वृद्धि करने के लिए सभी क्षेत्रों के विकास हेतु किया जाना है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) भारत सरकार के दो प्रमुख विकासपरक कार्यक्रम हैं। नीति आयोग द्वारा शुरू किए गए इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत के अपेक्षाकृत अविकसित जिलों और ब्लॉकों के सामाजिक परिणामों में सुधार करना है।

पंजाब में फिरोजपुर और मोगा के दो आकांक्षी जिले और दस आकांक्षी ब्लॉक हैं जिनमें संबंधित कार्यक्रमों के तहत कई परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। पंजाब में एडीपी और एबीपी जिलों तथा ब्लॉकों की सूची एवं एडीपी और एबीपी के अंतर्गत परियोजनाओं को क्रमश अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II में रखा गया है।

(ख) आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के तहत स्थानीय आबादी के लिए निम्नलिखित लाभ प्रत्याशित हैं-

i. स्वास्थ्य विभाग के भवनों का उन्नयन और उपकरणों की खरीद: आधुनिक सुविधाओं और उन्नत चिकित्सा उपकरणों के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता।
ii. बुनियादी ढांचे और चिकित्सा उपकरणों के साथ नए पीएचसी का निर्माण: कम सेवा वाले क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा।
iii. सीवरेज प्रणाली में सुधार और रखरखाव: बेहतर स्वच्छता और जलजनित रोगों के जोखिम को कम करना।
iv. आंगनवाड़ियों में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों की स्थापना: महिलाओं और किशोर लड़कियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना।
v. सौर ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से स्कूलों में स्थाई ऊर्जा।
vi. रूफटॉप वर्षा जल संचयन संरचनाओं के साथ जल संरक्षण।
vii. मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से कृषि उत्पादकता में वृद्धि।
viii. प्लास्टिक रीसाइक्लिंग मशीनों से प्रदूषण कम करना।
ix. संपूर्ण अभियान पहलों के माध्यम से समावेशी सामुदायिक सशक्तिकरण।
x. उन्नत आंगनवाड़ी केन्द्रों से बच्चों की देखभाल एवं अध्ययन में सुधार।
xi. सामग्री सहित नए आंगनवाड़ी भवनों के माध्यम से गुणवत्तायुक्त प्रारंभिक शिक्षा कीसुविधा।
xii. स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ आधुनिक अधिगम का अनुभव।
xiii. अल्पसेवित क्षेत्रों में नए स्कूल भवनों के साथ बेहतर शिक्षा की उपलब्धता।

आबंटित बजट का ब्यौरा और अन्य ब्यौरे भी अनुलग्नक-II में दिए गए हैं।

**अनुलग्नक- I**

**पंजाब के लिए नई परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 18.12.2024 को श्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *337 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**पंजाब राज्य के वे जिले जो आकांक्षी जिला कार्यक्रम के हिस्से हैं, निम्नानुसार हैं:**

| क्र. सं. | जिले |
|---|---|
| 1. | मोगा |
| 2. | फिरोजपुर |

**पंजाब राज्य के वे ब्लॉक जो आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के हिस्से हैं, निम्नानुसार हैं:**

| क्र. सं. | जिले | ब्लॉक |
|---|---|---|
| 1. | अमृतसर | अजनाला |
| 2. | अमृतसर | हर्षे चीना |
| 3. | फिरोजपुर | मक्खू |
| 4. | गुरदासपुर | डेरा बाबा नानक |
| 5. | गुरदासपुर | कालानौर |
| 6. | जालंधर | शाहकोट |
| 7. | कपूरथला | ढिलवां |
| 8. | कपूरथला | सुल्तानपुर लोधी |
| 9. | मोगा | निहाल सिंह वाला |
| 10. | संगरूर | धुरी |

**अनुलग्नक- II**

**पंजाब के लिए नई परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 18.12.2024 को श्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *337 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**<u>आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत फिरोजपुर द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण</u>**

| स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (रु.में) | स्वीकृत वित्त वर्ष |
|---|---|---|
| स्वास्थ्य विभाग के भवनों का उन्नयन एवं नए उपकरणों की खरीद | 2,52,62,000 | वित्त वर्ष 20-21 |
| आंगनबाड़ी केन्द्रों का उन्नयन | 47,37,725 | वित्त वर्ष 20-21 |
| 183 सरकारी विद्यालयों में सोलर पावर सिस्टम की स्थापना | 2,74,50,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| 200 आंगनबाड़ियों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की स्थापना | 1,36,17,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| सीवरेज प्रणाली में सुधार और रखरखाव | 1,85,94,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| शैक्षणिक और खेल-कूद सामग्रियों के प्रावधानों के साथ 34 अपूर्ण आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण | 1,49,94,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| नए स्कूल भवन का निर्माण | 1,49,99,600 | वित्त वर्ष 21-22 |
| आजादी का अमृत महोत्सव) क्षमता निर्माण - (112 आकांक्षी जिलों में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए गतिविधियों का माध्यम जो" स्थानीय शासन में सुधार "के व्यापक थीम के तहत आकांक्षी जिलों में दस्तावेजी ज्ञान का प्रदर्शन करने में मदद करते हैं। | 1,20,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| 269 स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम समाधान | 2,69,00,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| अवसंरचना और चिकित्सा उपकरणों सहित नए पीएचसी का निर्माण | 2,74,34,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| जिला अस्पताल में उपकरणों और साधनों की खरीद | 60,11,675 | वित्त वर्ष 21-22 |

| | | |
|---|---|---|
| उचित बुनियादी ढांचे और शैक्षिक सामग्री के प्रावधान सहित 8 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण | 1,00,00,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| भूजल पुनर्भरण के लिए सरकारी भवनों में रूफटॉप वर्षा जल संचयन संरचनाएं | 61,00,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| आईसीपी) ओईएस (मृदा परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना | 1,39,00,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| प्लास्टिक रीसाइक्लिंग मशीनों की स्थापना | 1,36,50,000 | वित्त वर्ष 23-24 |
| पशुपालन विभाग, फिरोजपुर, पंजाब के लिए उपकरणों की खरीद और पॉली क्लिनिक का नवीनीकरण | 90,00,000 | वित्त वर्ष 23-24 |
| मिर्च प्रसंस्करण केंद्र | 58,77,020 | वित्त वर्ष 23-24 |
| संपूर्णता अभियान - शुभारंभ और आईईसी गतिविधियां | 5,00,000 | वित्त वर्ष 24-25 |

**<u>आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मोगा द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण</u>**

| **स्वीकृत परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (रु.में)** | **स्वीकृत वित्त वर्ष** |
|---|---|---|
| धान के पुआल को जलाने से रोकने का प्रस्ताव | 3,00,00,000 | वित्त वर्ष 20-21 |
| आजादी का अमृत महोत्सव (क्षमता निर्माण) - 112 आकांक्षी जिलों में आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए गतिविधियों का माध्यम जो "स्थानीय शासन में सुधार" के व्यापक थीम के तहत आकांक्षी जिलों में दस्तावेजी ज्ञान का प्रदर्शन करने में मदद करते हैं। | 1,20,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| 31 प्राथमिक विद्यालयों में सौर प्रणाली के माध्यम से बिजली की व्यवस्था | 75,73,752 | वित्त वर्ष 21-22 |
| 4 शहरी प्राथमिक विद्यालयों में अवसंरचना का उन्नयन | 3,00,00,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| आई ओटी के लिए ए-स्कैन, स्लिट लैंप, नॉन-कॉन्टैक्ट टैनोमीटर, मोटराइज्ड टेबल और चेयर की खरीद | 16,46,000 | वित्त वर्ष 21-22 |

| | | |
|---|---|---|
| जिले में देखभाल केन्द्र पर नैदानिक परीक्षण सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण | 52,04,550 | वित्त वर्ष 21-22 |
| जिला चिकित्सालय हेतु पूर्णतः स्वचालित डेंटल चेयर यूनिट की खरीद | 3,60,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| मोगा में पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक के सीरम एनालाइजर की खरीद | 7,00,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| प्लांट क्लिनिक सह मृदा स्वास्थ्य प्रयोगशाला की स्थापना | 1,30,00,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| टीकों को लाने ले जाने के लिए एक प्रशीतित वैन की आवश्यकता | 15,00,000 | वित्त वर्ष 21-22 |
| 4 पीएचसी के लिए डिजिटल एक्स-रे 500 एमए संयंत्र की खरीद | टिप्पणी - प्रतिस्थापन प्रस्ताव | वित्त वर्ष 22-23 |
| रौंटा गांव में सरकारी बीज फार्म का आधुनिकीकरण | टिप्पणी - प्रतिस्थापन प्रस्ताव | वित्त वर्ष 22-23 |
| 5 गांवों के ग्राम तालाबों में संग्रहीत जल के उत्पादक उपयोग के लिए भूमिगत सिंचाई हेतु बुनियादी ढांचा तैयार करना | 1,20,70,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| जिला अस्पताल मोगा के लिए प्लेटलेट एफेरेसिस मशीन की खरीद | 44,00,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| 50 आंगनवाड़ी केंद्रों का सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्नयन | 38,20,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| राजकीय आईटीआई मोगा में महिलाओं के प्रशिक्षण के लिए मशीनरी की खरीद | 30,46,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| सरकारी आईटीआई मोगा में उद्योग संगत कौशल के अनुसार संस्थान के उन्नयन के लिए मशीनरी की खरीद | 66,57,000 | वित्त वर्ष 22-23 |
| गांव रौंटा में सरकारी बीज फार्म का आधुनिकीकरण (पूर्व अनुमोदित परियोजना "जीरो पैडी स्ट्रॉ बर्निंग प्राप्त करने के लिए बेलर की खरीद" की बचत से प्रस्तावित परियोजना) | टिप्पणी - प्रतिस्थापन प्रस्ताव | वित्त वर्ष 22-23 |
| आकांक्षी जिलों में सामुदायिक पुस्तकालयों का सुदृढीकरण | 2,00,00,000 | वित्त वर्ष 22-23 |

| | | |
|---|---|---|
| सरकारी आईटीआई मोगा में उद्योग प्रासंगिक कौशल के अनुसार संस्थान के उन्नयन के लिए मशीनरी की खरीद | टिप्पणी - प्रतिस्थापन प्रस्ताव | वित्त वर्ष 23-24 |
| संपूर्णता अभियान - शुभारंभ और आईईसी गतिविधियां | 5,00,000 | वित्त वर्ष 24-25 |

****